जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण

जिला कुरुक्षेत्र

2009-2010

जिला सांख्यिकीय कार्यालय

कुरूक्षेत्र

आमुख

इस प्रकाशन का उद्धेश्य जिला कुरुक्षेत्र में पिछले एक वर्ष में हुऐ सामाजिक एवं आर्थिक तथा अन्य विकास कार्यो बारे जानकारी उपलब्ध कराना है । इस में जिला से सम्बंधित विभिन्न विषयों विशेषकर क्षेत्रफल, जनसंख्या, कृषि, सिंचाई, वन, पशुपालन, विद्युत, उद्योग, सडक तथा परिवहन, संचार, श्रम तथा रोजगार, सहकारिता, बैंक, शिक्षा, चिकित्सा, समाज कल्याण इत्यादि के अतिरिक्त बहुत से विविध विषयों पर सूचना के साथ साथ **जनगणना 2001 अनुसार जनसंख्या की सूचना** उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है । इस प्रकाशन में जनगणना विभाग द्वारा जारी जिला में कर्मियों, गैर कर्मियों की सूचना ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र अनुसार भी दर्शाई गई है । इस के अतिरिक्त कुछ विभागों की स्कीमों में बदलाव के कारण सूचना में भी परिर्वतन किया गया है।

यह प्रकाशन विभिन्न विभागो, अनुसंधान संस्थाओं और उन संस्थाओं एंव व्यक्तियों के लिये उपयोगी सिद्ध होगा जिनकी जिला कुरुक्षेत्र की सामाजिक व आर्थिक समस्याओं तथा उनसे जुडे अन्य पहलुओं में रुचि है ।

मैं जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न कार्यालय अध्यक्षों, जिन्होंने इस प्रकाशन के लिए सूचना उपलब्ध कराने में सहयोग दिया, के लिए आभारी हूं । उन के सहयोग के बिना इस प्रकाशन को जारी कर पाना सम्भव नहीं था ।

अन्त में मैं श्री जगबीर सिहं, सहायक जिला सांख्यिकीय अधिकारी, जिला सांख्यिकीय कार्यालय कुरुक्षेत्र, का इस प्रकाशन को समय पर प्रकाशित करने के लिए आभार प्रकट करती हूं ।

कु0 लक्की अरोड़ा
जिला सांख्यिकीय अधिकारी,
कुरुक्षेत्र

तिथि:-05.08.2011

जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण -जिला कुरुक्षेत्र

विषय सूची

क्रमांक	*विषय*	*पृष्ठ संख्या*
	परिशिष्ठ-1 सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण -जिला कुरुक्षेत्र 1-3 **परिशिष्ठ-2 स्थिति तथा भौतिक विशेषताए**	
1.	**स्थिति तथा भौतिक विशेषताए** स्थिति क्षेत्रफल तथा प्रशासनिक ढांचा भौतिक विशेषताए खनिज सम्पदा नदियां जलवायु तथा वर्षा मिट्टी भू-जल विज्ञान	4-5
2.	**जनसंख्या** जनगणना के आकंड़े घनत्व ग्रामीण व शहरी जनसंख्या खण्ड अनुसार जनसंख्या 0-6 आयु वर्ग की जनसंख्या मलिन बस्तियों की जनसंख्या लिंगानुपात 0-6 आयु वर्ग के बच्चों में लिगांनुपात मलिन बस्तियों में लिगांनुपात साक्षरता- ग्रामीण व शहरी मलिन बस्तियों में साक्षरता कर्मी - गैरकर्मी ग्रामीण कर्मी - गैरकर्मी नगरीय कर्मी - गैरकर्मी चार मुख्य श्रेणियों में कर्मियों का वर्गीकरण	6-15
3.	**वन** वनों के अधीन क्षेत्रफल	16
4.	**कृषि** भूमि का प्रयोग कृषि जोतें	16-19

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
	मुख्य फसलों का उत्पादन अधिक उपजाऊ किस्में रासायनिक खाद का वितरण पौधों की सुरक्षा के उपाय कृषि यन्त्र तथा उपकरण कृषि उपज बिक्री संग्रहण समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम भूमि विकास कार्यक्रम	
5.	**सिंचाई** .सिंचाई के साधन फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र सिंचाई की सघनता नलकूप/पम्पिंग सैट बाढ़	20-21
6.	**पशुपालन तथा डेरी** पशुधन पशु चिकित्सालय सेवायें डेरी 'दुग्ध उत्पादन'	21-22
7.	**मछली पालन**	22
8.	**विद्युत** विद्युतीकरण 'शहरी/गांव' नलकूप विभिन्न परियोजनाओं में विद्युत का उपयोग	22
9.	**खनिज पदार्थ तथा उद्योग** 23 खनिज उत्पादन लघु उद्योग यूनिट बड़े तथा मध्यम स्तरीय उद्योग यूनिट	
10.	**सड़क तथा परिवहन** सड़कों की लम्बाई रेलवे स्टेशन एवं हरियाणा परिवहन बस स्टैण्ड की संख्या राज्य परिवहन सडक दुर्घटनायें	23-24

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
11.	**संचार** डाकघर व तार घर दूरभाष केन्द्र	24
12.	**श्रम तथा रोजगार** 24-25 औद्योगिक झगड़े रोजगार केन्द्र मजदूरी की औसत दैनिक आय	
13.	**सहकारिता** 25-26	
14.	**बैंक**	26
15.	**शिक्षा** विद्यालय तथा महाविद्यालय अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम इन्जिनियरिंग कालेज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय	27-29
16.	**चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य** 29 स्वास्थ्य सेवाएं परिवार कल्याण प्रोग्राम सुरक्षित पेयजल	
17.	**कल्याण विभाग 'अनुसूचित जातियाँ व पिछड़े वर्ग'** 30-31 वृद्धावस्था एंव अन्य पैशन्	
18	**विविध** नगरपालिकाएं जिला राजस्व रजिस्ट्रीकरण पुलिस तथा अपराध हरियाणा सरकार के कर्मचारी मनोरंजन टेलिविजन सैट बचत विकेन्द्रीकरण योजना खेलकूद राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र चुनाव तथा मतदाता	31-34

	विषय	*पृष्ठ संख्या*
अनुलगनक–1	**अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र एंव उप केन्द्र**	35–37
अनुलगनक–2	**पुलिस स्टेशन और पुलिस चौकियों की सूची**	38
अनुलगनक–3	**पशु चिकित्सा अस्पताल एंव डिस्पैन्सरियों की सूची**	39–40
अनुलगनक–4	**तकनीकी एंव प्रबन्धन महाविद्यालयों की सूची**	41
	परिशिष्ठ–3 जिला एक दृष्टि में	42–43
	परिशिष्ठ–4 जिला के आधार भूत आंकडे	44–48

परिशिष्ठ-1

जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण-जिला कुरुक्षेत्र

2009-2010

कुरुक्षेत्र एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थान है। कुरुक्षेत्र के पौराणिक महत्व को देखते हुए हरियाणा सरकार ने 23 जनवरी 1973 को पुराने जिले करनाल को विभाजित करके कुरुक्षेत्र को हरियाणा राज्य के 10वें जिले के रूप में स्थापित किया। 1 नवम्बर, 1989 को जिला कुरुक्षेत्र को भी विभाजित कर जिला कैथल अलग कर दिया गया, जिससे इसका क्षेत्रफल राजस्व रिकार्ड के अनुसार 3740 वर्ग किलोमीटर से घटकर 1598.94 वर्ग किलोमीटर रह गया। जबकि भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अनुसार जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 1217 वर्ग किलोमीटर था।

1. वर्ष 1992 में जिला यमुनानगर, करनाल एवं कैथल से कुछ गांव जिला कुरुक्षेत्र में सम्मिलित कर दिए जाने के कारण जनगणना 2001 के आधार पर जिला कुरुक्षेत्र में इस समय कुल 416 गांव हैं जो 5 सामुदायिक विकास खण्डों में विभाजित है। इस समय जिला मे 2 उपमण्डल व 3 तहसीले है। जिले का क्षेत्रफल राजस्व रिकार्ड के अनुसार 1682.53 वर्ग किलोमीटर तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अनुसार जिले का क्षेत्रफल 1530 वर्ग कि0 मी0 है जो राज्य का 3.46 प्रतिशत है। 2001 की जनगणना के अन्तिम आकडों के आधार पर जिले की जनसंख्या 825454 हो गई है। इस में 442328 पुरुष व 383126 स्त्रियां हैं। जिले का लिगांनुपात 866 है तथा साक्षरता दर 69.88 प्रतिशत है।

2. जिला कुरुक्षेत्र की जलवायु निश्चितता लिये हुए है अर्थात यहां पर गर्मियों में अधिक गर्मी तथा सर्दियों में अत्याधिक सर्दी होती है। गर्मियों में यहां का तापमान अधिकतम 45 डिग्री सैं0 तक पहुंच जाता है तथा सर्दियों में 3 डिग्री सैं0 तक गिर जाता है। जिला कुरुक्षेत्र में 2004-2008 के दौरान पांच वर्षीय औसत सामान्य वर्षा 355.50 मि0मी0 रिकार्ड की गई जबकि वर्ष 2008 के दौरान वार्षिक औसत वर्षा 366.00 मि0मी0 रिकार्ड की गई।

3. वर्ष 2008-09 में गांव के प्रपत्रों के अनुसार जिले का कुल क्षेत्रफल 168 हजार हैक्टेयर है। वर्ष 2008-09 में कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल 151 हजार हैक्टेयर है जो कुल क्षेत्रफल का 89.88 प्रतिशत है। निवल बोया गया क्षेत्र 150 हजार है0 है, जो कृषि योग्य भूमि का 99.34 प्रतिशत है। एक बार से अधिक बोया गया क्षेत्र 124 हजार है0 है, जो निवल बोये गये क्षेत्र का 82.67 प्रतिशत है। इस प्रकार 2008-09 में कुल बोया गया क्षेत्र 274 हजार हैक्टेयर है। कुल बोये गये क्षेत्र में से खाद्यान्नों के अन्तर्गत 86.42 प्रतिशत, दालों के अधीन 0.29 प्रतिशत, नकदी फसलों गन्ना, तेल बीज, कपास तथा आलू के अधीन 8.39 प्रतिशत क्षेत्र है। धान के अधीन 44.34 प्रतिशत क्षेत्र है जो सबसे अधिक है। इसके पश्चात गेहूं का स्थान आता है जो 42.00 प्रतिशत है।

4. जिले में सात मण्डियां तथा 13 सबयार्ड हैं, इन मण्डियों में मुख्य आमदन गेहूं, जीरी तथा आलू की है। जिले में अनाज संग्रहण करने के लिये गोदाम काफी संख्या में उपलब्ध हैं।

5. वर्ष 2008-09 में नलकूप तथा पम्पिग सैट जिले में सिंचाई के मुख्य साधन रहे, जिनसे निविल सिंचित क्षेत्र का 82 प्रतिशत क्षेत्र सिंचित किया गया, शेष 18 प्रतिशत नहरों द्वारा सिंचित किया गया। वर्ष 2009-10 में नलकूप तथा पम्पिग सैट की संख्या 38311 रही। सिंचाई की क्षमता का मुख्य भाग गेहूँ तथा धान की फसलों में प्रयोग किया जाता है।

6. जिला कुरुक्षेत्र के सभी गांवों का विद्युतिकरण हो चुका है तथा लगभग सभी गांव भी पक्की सड़कों से जुड़े हुए हैं।

7. सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां कुरुक्षेत्र के अनुसार वर्ष 2009-10 में जिले में सभी प्रकार की 873 सहकारी समितियां है, जिनकी सदस्यता 496769 है जिसके अनुसार प्रति लाख व्यक्तियों के पीछे 106 समितियां कार्यरत हैं।

8. जिला कुरुक्षेत्र में चिकित्सा सेवायें विभिन्न संस्थाओं जैसे कि राज्य सरकार, स्थानीय निकाय तथा एच्छिक संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाती है। जिले में एक हस्पताल, 4 डिस्पैंसरियां, 107 सबसैन्टर, एक क्षय रोग केन्द्र तथा 21 प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों और 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा चिकित्सा सेवायें प्रदान की गई । वर्ष 2009-10 में जिले में 3 परिवार कल्याण केन्द्र थे । जिनमें नलबन्दी तथा नसबन्दी के 2667 केसिज किये गये। उपरोक्त के अतिरिक्त जिला कुरुक्षेत्र में एक आर्युवैदिक चिकित्सा पद्यति का अस्पताल भी है जिसमें अन्तरंग तथा बाहय् रोगी चिकित्सा की सुविधा है।

9. वर्ष 2008-09 में जिला कुरुक्षेत्र में 561 प्राथमिक, 'पूर्व प्राथमिक बालबाडी सहित', 192 माध्यमिक तथा 201 उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं। जिनमें 36 प्राथमिक, 4 माध्यमिक तथा 13 उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केवल महिलाओं के लिए हैं। इन विद्यालयों में 195150 विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की गई। इन में से 43471 विद्यार्थी अनुसूचित जाति के थे। उपरोक्त स्कूलों में 4772 अध्यापक कार्यरत रहें। जिले में प्राथमिक स्तर पर 55 विद्यार्थी प्रति अध्यापक, माध्यमिक स्तर पर 34 विद्यार्थी प्रति अध्यापक, उच्च स्तर पर 40 तथा वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर 33 विद्यार्थी प्रति अध्यापक अनुपात रहा।

10. इसके अतिरिक्त वर्ष 2009-10 में जिला कुरुक्षेत्र में 9 कला तथा विज्ञान महाविद्यालय कार्यरत हैं जिनमें कुल 11991 विद्यार्थी डिग्री स्तर की शिक्षा प्राप्त कर रहें हैं जिनमें 1739 विद्यार्थी अनुसूचित जाति के हैं।

11\. जिला में विश्वविद्यालय होने के कारण यह जिला अन्य जिलों की अपेक्षा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय है। जिला कुरुक्षेत्र में 11 इंजिनियरिंग एव्म प्रबन्धन महाविद्यालय, एक आयुर्वैदिक चिकित्सा, 21 शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय, एक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा 5 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भी विभिन्न पाठयक्रमों में शिक्षा प्रदान कर रहें हैं।

परिशिष्ठ-2

स्थिति तथा भौतिक विशेषतायें

1. स्थिति

जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा के उत्तर पूर्व में 29 डिग्री 51'से 30 डिग्री 14' अक्षांश तथा 76 डिग्री 30' से 77 डिग्री 11' रेखांश के मध्य मे स्थित हैं। इसके उत्तर दिशा में अम्बाला,दक्षिण में करनाल,पूर्व में यमुनानगर और पश्चिम में जिला कैथल की सीमा पड़ती है।

2. क्षेत्रफल तथा प्रशासनिक ढांचा

जिला कुरुक्षेत्र का 2001 के राजस्व रिकार्ड के अनुसार कुल क्षेत्रफल 1682.53 वर्ग कि0मी0 है जबकि भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अनुसार जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 1530 वर्ग कि0मी0 है, जो राज्य के क्षेत्रफल का 3.46 प्रतिशत है। जिले में थानेसर, पेहोवा तथा शाहबाद तीन तहसीलें हैं जो दो उपमण्डलों अर्थात् थानेसर तथा पेहोवा के अन्तर्गत आती हैं। जिले का प्रशासनिक मुख्य कार्यालय कुरुक्षेत्र में अम्बाला देहली राष्ट्रीय मार्ग न0-1 पर स्थित है।

3. जिला कुरुक्षेत्र में 416 गांव है। यह सभी गांव 5 सामुदायिक विकास खण्डों के अधीन आते है। तहसील थानेसर के अन्तर्गत थानेसर, लाडवा व बबैन, पेहोवा तहसील में पेहोवा खण्ड तथा तहसील शाहबाद के अन्तर्गत शाहबाद खण्ड आता है। ज़िला कुरुक्षेत्र में 4 नगर तथा 378 ग्राम पंचायते हैं। पंचायतो की कुल सदस्य संख्या 3521 (3143 पंच तथा 378 सरपंच) है । जिला कुरुक्षेत्र में 7 मार्किट कमेटियां हैं जिनमें 4 मार्किट कमेटियां तहसील थानेसर में, दो पेहोवा तहसील में, तथा एक शाहबाद तहसील में है। इसके अतिरिक्त 13 सबयार्ड भी हैं ।

4. भौतिक विशेषताये

जिला कुरुक्षेत्र का भू-स्थल चपटाकार है तथा समुद्र तल से 252 मी0 उंचा है। भूमि का बहाव मुख्यत: उत्तर पूर्व से दक्षिण पश्चिम की ओर है। थानेसर नगर में ब्रह्म-सरोवर, ज्योतिसर, बाण गंगा इत्यादि धार्मिक स्थल हैं।

5. खनिज सम्पदा

जिला कुरुक्षेत्र खनिज सम्पदा के सन्दर्भ में अधिक सक्षम नहीं है क्योकि यहां कोई महत्वपूर्ण खनिज उपलब्ध नहीं है।

6. नदियां

जिला कुरुक्षेत्र में मारकण्डा महत्वपूर्ण बरसाती नदी है जो उत्तर दिशा में शिवालिक पहाडियों से निकलकर अम्बाला जिला में से बहती हुई जिले के उत्तर पश्चिम से गुजरती है।

बरसात के मौसम में मारकण्डा भयंकर रूप धारण करके जिले के कुछ भागों में बाढ का मुख्य कारण बनता है।

7. जलवायु तथा वर्षा

जिला कुरुक्षेत्र का मौसम गर्मियों में अधिक गर्म तथा सर्दियों में अधिक ठण्डा रहता है। मई तथा जून के महीनों में सबसे अधिक गर्मी होती है इन दिनों में तापमान 43 डिग्री सै0ग्रे0 से 45 डिग्री सै0ग्रे0 तक होता हैं। दिसम्बर से फरवरी तक बहुत ठण्ड पड़ती है। इस दौरान तापमान 3 डिग्री सै0ग्रे0 तक गिर जाता है । वर्ष 2004 से 2008 तक 5 वर्षो की औसत मासिक सामान्य वर्षा 355.50 मि0मी0 रही जबकि वर्ष 2008 में वार्षिक औसत वर्षा 366.00 मि0मी0 रिकार्ड की गई।

8. मिट्टी

जिला कुरुक्षेत्र को मिट्टी की प्रकार से दो हिस्सो में बांटा जा सकता है खादर तथा बांगर। खादर मिट्टी जी0टी0 रोड तथा यमुना नदी के बीच वाले क्षेत्र में पाई जाती है, जिसमें जिले के शाहबाद, लाडवा तथा बबैन खण्ड आते हैं तथा बांगर क्षेत्र जिले के मध्य दक्षिण व पश्चिम क्षेत्र में पाया जाता है, इसके अन्तर्गत जिले का थानेसर तथा पेहोवा खण्ड आता है।

9. क) भू-जल विज्ञान

जिले में औसत भू-जल स्तर 29.66 मी0 है जो कम से कम पेहोवा तथा अधिक से अधिक शाहबाद में पाया जाता है । जिले के अधिकांश क्षेत्र में भू-जल स्तर की गहराई 26-35 मी0 के मध्य है। जिले में पिछले 10 वर्षो अर्थात 2000 से 2009 के बीच भू-जल आंकड़ों के आधार पर जल-स्तर में औसतन 12.84 मी0 की गिरावट आई है । यह गिरावट खण्ड लाडवा में कम परन्तु खण्ड शाहबाद में अधिक है।

ख) भू-जल संसाधन

जिले में औसत भू-जल संसाधन का अत्याधिक विकास हो रहा है। थानेसर, लाडवा, बबैन, पेहोवा तथा शाहबाद सभी खण्डों में विकास 85 प्रतिशत से अधिक हुआ तथा ये खण्ड डार्क श्रेणी में आते है। इस श्रेणी में भू-जल संसाधन के और अधिक विकास की संभावना नहीं है ।

जनसंख्या

जनगणना 2001 के आंकड़ों के आधार पर

10. जनगणना के आंकड़े

जिला कुरुक्षेत्र की जनसंख्या जनगणना 2001 के आंकड़ों के आधार पर 825454 है जिसमें 442328 पुरुष व 383126 स्त्रियां है। जबकि 2001 की सीमा अनुसार 1991 की जनगणना के आधार पर जिले की जनसंख्या 669346 थी जिसमें 356181 पुरुष व 313165 स्त्रियां थी । 1991-2001 की अवधि में जिले की जनसखया में 23.32 प्रतिशत दशकीय वृद्धि हुई है । जबकि 1981-91 दशकीय वृद्धि दर 23.4 थी ।हरियाणा राज्य की दशकीय वृद्धि दर में भी बढौतरी हुई है। यह दर 1981-91 में 27.4 प्रतिशत से बढ कर 1991-2001 में 28.43 प्रतिशत हो गई है।

तालिका:- जिले की जनसंख्या (2001 जनगणना)

	कुल जनसंख्या	पुरुष	स्त्रियां
ग्रामीण	609943	325726	284217
शहरी	215511	116602	98909
कुल जनसख्ंया	825454	442328	383126

11. घनत्व

भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा दिए गए भौगोलिक क्षेत्र के आंकड़ों के अनुसार जिले का क्षेत्रफल 1530 वर्ग कि0मी0 है जो राज्य के क्षेत्रफल का 3.46 प्रतिशत है। जनगणना 2001 के आधार पर राज्य की 3.90 प्रतिशत जनसंख्या यहां रहती है। वर्ष 2000-2001 में जनगणना 2001 के आधार पर जिले का घनत्व 540 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 है। 1991 की जनगणना अनुसार जिले का घनत्व 437 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 था। हरियाणा राज्य का घनत्व 1991 में 372 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 तथा 2001 में 478 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 हो गया है ।

12. ग्रामीण व शहरी जनसंख्या

जनगणना 2001 के अन्तिम आंकड़ों के अनुसार जिला की लगभग 73.89 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात् 609943 ग्रामीण क्षेत्र में रहती है। जिसमें 325726 पुरुष तथा 284217 स्त्रियां है। जिला की शहरी जनसंख्या 215511 जो कुल जनसंख्या का 26.11 प्रतिशत है जिसमें 116602 पुरुष तथा 98909 स्त्रियां है। ग्रामीण क्षेत्र में तहसील शाहबाद की 150967 संख्या में 80401 पुरुष व 70566 स्त्रियां, पेहोवा की 187673 जनसंख्या में 99916 पुरुष व 87757 स्त्रियां, थानेसर की 486814 जनसंख्या में 262011 पुरुष व 224803 स्त्रियां, शहरी क्षेत्र में नगर शाहबाद की 37289 जनसंख्या में 19780 पुरुष व 17509 स्त्रियां, पेहोवा की 33564 जनसंख्या में 17912 पुरुष व 15652 स्त्रियां, थानेसर की 122319 जनसंख्या में 66978 पुरुष

व 55341 स्त्रियां, तथा लाडवा की 22339 जनसंख्या में 11932 पुरुष व 10407 स्त्रियां है ।

तालिकाः- जिले की जनसंख्या (2001 जनगणना)

	ग्रामीण जनसंख्या			शहरी जनसंख्या		
तहसील/नगर	कुल व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां	कुल व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियां
थानेसर	342156	183101	159055	122319	66978	55341
शाहबाद	113678	60621	53057	37289	19780	17509
पेहोवा	154109	82004	72105	33564	17912	15652
लाडवा	-	-	-	22339	11932	10407
कुल	609943	325726	284217	215511	116602	98909

जिला की ग्रामीण जनसंख्या 2001 में 609943 है। जो 1991 में 515212 थी। इस तरह ग्रामीण जनसंख्या में 18.39 प्रतिशत दशकीय वृद्धि हुई । जिला की शहरी जनसंख्या 1991 में 154134 से बढ़ कर 2001 में 215511 हो गई है । अतः शहरी जनसंख्या में 39.82 प्रतिशत दशकीय वृद्धि हुई । जिला के चार नगरों में थानेसर नगर की जनसंख्या एक लाख से अधिक होने के कारण श्रेणी-1 तथा शाहबाद, पेहोवा व लाडवा श्रेणी-3 के नगर हैं ।

13. खण्ड अनुसार जनसंख्या

खण्ड अनुसार जिले की जनसंख्या वर्ष 2001 जनगणना अनुसार निम्नप्रकार से है ।

तालिकाः- खण्ड अनुसार जनसंख्या (ग्रामीण जनसंख्या)

खण्ड	कुल व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियां
थानेसर	176555	94339	82216
लाडवा	80222	43045	37177
शाहबाद	151801	81081	70720
पेहोवा	144576	76907	67669
बबैन	56789	30354	26435
कुल	609943	325726	284217

14. 0-6 आयु वर्ग की जनसंख्या

जनगणना 1991 में जिला कुरुक्षेत्र की 0-6 आयु वर्ग के बच्चों की संख्या कुल जनसंख्या का 17.75 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2001 में 14.20 प्रतिशत रह गई है । जनगणना 2001 में 0-6 आयु वर्ग के बच्चों की संख्या 117255 है । जबकि 1991 में राज्य की 0-6 आयु वर्ग के बच्चों की संख्या कुल जनसंख्या का 18.98 प्रतिशत से घट कर जनगणना 2001 में 15.77 प्रतिशत रह गई है ।

जिला के ग्रामीण क्षेत्र में 0-6 आयु वर्ग के बच्चों की जनसंख्या 90595 है जो कुल ग्रामीण जनसंख्या का 14.85 प्रतिशत है तथा शहरी क्षेत्र में यह संख्या 26660 है जो जिला की कुल शहरी जनसंख्या का 12.37 प्रतिशत है।

15. मलिन बस्तियों की जनसंख्या

जिला के थानेसर नगर की 50400 '41.07' प्रतिशत जनसंख्या मलिन बस्तियों में रहती है। इस में 27376 पुरुष तथा 23024 स्त्रियां हैं। 0-6 आयु वर्ग में बच्चों की 6791 जनसंख्या में 3812 पुरुष 2979 स्त्रियां हैं।

16. लिंगानुपात

जिला कुरुक्षेत्र में जनगणना 2001 के अनुसार प्रति हजार पुरुषों पर 866 महिलाओं का अनुपात है जो 1991 में 879 था । इससे स्पष्ट है कि स्त्री पुरुष अनुपात में 1991 की तुलना में 2001 में गिरावट आई है । हरियाणा राज्य में यह अनुपात 861 है जो सभी राज्यों में सब से कम स्तर पर पंहुच गया है ।

जिला कुरुक्षेत्र में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में यह अनुपात क्रमशः 873 तथा 848 है। जो 1991 में क्रमशः 883 व 867 था । ग्रामीण क्षेत्र में स्त्री पुरुष अनुपात तहसील शाहबाद, पेहोवा तथा थानेसर में क्रमशः 878, 878 व 858 तथा शहरी क्षेत्र के 4 नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में क्रमशः 885, 874, 826 तथा 872 है।

17. 0-6 आयु वर्ग के बच्चों में लिगांनुपात

जिला का 0-6 आयु वर्ग के बच्चों का लिगांनुपात 771 है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में यह अनुपात क्रमशः 773 तथा 766 है । ग्रामीण क्षेत्र में तीन तहसीलों शाहबाद, पेहोवा तथा थानेसर में क्रमशः 742, 785 व 774 तथा शहरी क्षेत्र के 4 नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में क्रमशः 730, 771, 769, 798 है।

हरियाणा राज्य में स्त्री पुरुष अनुपात 819 है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में क्रमशः 823 व 808 है।जिला के शाहबाद नगर का लिगांनुपात 730 है जो प्रदेश में सबसे कम है तथा शाहबाद तहसील का लिगांनुपात 742 है जो राज्य की 67 तहसीलों में सब से कम है ।

18. मलिन बस्तियों में लिंगानुपात

जिला कुरुक्षेत्र के थानेसर नगर की 41.07 प्रतिशत जनसंख्या मलिन बस्तियों में रहती है। इन बस्तियों में रहने वाली जनसंख्या में स्त्री पुरुष अनुपात 841 है । मलिन बस्तियों की 0-6 आयु वर्ग की जनसंख्या में स्त्री पुरुष अनुपात 781 है ।

19. साक्षरता

जनगणना 2001 में जिला कुरुक्षेत्र में 494873 व्यक्ति साक्षर है जिसमें 293615 पुरुष तथा 201258 स्त्रियां हैं। जनगणना 2001 में जिला में 69.88 प्रतिशत की साक्षरता दर दर्ज

की गई।जिला में पुरुष साक्षरता दर 78.06 स्त्री साक्षरता दर 60.61 की तुलना में अधिक रही। जबकि 1991 की जनगणना अनुसार जिला में 58.44 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर थे। पुरुष साक्षरता दर 68.92 प्रतिशत तथा स्त्री साक्षरता दर 46.56 प्रतिशत थी।जनगणना 2001 के अनुसार राज्य की साक्षरता दर 67.91 प्रतिशत है।पुरुष तथा स्त्री साक्षरता दर क्रमशः 78.49 तथा 55.73 है।

20. साक्षरता ग्रामीण व शहरी

2001 की जनगणना अनुसार जिला में ग्रामीण क्षेत्र में 65.88 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर है ।जिनमें 75.01 प्रतिशत पुरुष तथा 55.64 प्रतिशत स्त्रियां साक्षर हैं । शहरी क्षेत्र में 80.86 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर है जिनमें 86.32 प्रतिशत पुरुष तथा 74.51 प्रतिशत स्त्रियां साक्षर हैं । जबकि 1991 की जनगणना अनुसार ग्रामीण व शहरी स्तर पर साक्षरता दर क्रमशः 52.98 तथा 76.22 प्रतिशत थी।

तालिकाः- जिले की साक्षरता दर (2001 जनगणना)

	ग्रामीण			शहरी		
तहसील/ शहर	कुल	पुरुष	स्त्रियां	कुल	पुरुष	स्त्रियां
थानेसर	67.10	76.39	56.61	81.18	86.53	74.76
शाहबाद	69.69	78.47	59.93	81.35	86.40	75.78
पेहोवा	60.34	69.36	50.29	79.23	85.05	72.70
लाडवा	-	-	-	80.72	86.87	73.77
कुल	65.88	75.01	55.64	80.86	86.32	74.51

ग्रामीण साक्षरता की दृष्टि में तहसील शाहबाद, पेहोवा तथा थानेसर में साक्षरता दर 69.69, 60.34, 67.10 प्रतिशत है।उक्त तहसीलों में पुरुष साक्षरता दर क्रमशः 78.47, 69.36 व 76.39 तथा स्त्री साक्षरता दर क्रमशः 59.93, 50.29 तथा 56.61 प्रतिशत है ।शहरी साक्षरता दर में जिला के 4 नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर तथा लाडवा में साक्षरता दर क्रमशः 81.35, 79.23, 81.18 तथा 80.72 प्रतिशत है। उक्त नगरो में पुरुष साक्षरता दर क्रमशः 86.40, 85.05, 86.53 व 86.87 तथा स्त्री साक्षरता दर क्रमशः 75.78, 72.70 74.76 तथा 73.77 प्रतिशत है ।

21. मलिन बस्तियों में साक्षरता

जिला कुरुक्षेत्र की थानेसर नगर परिषद की मलिन बस्तियों की कुल जनसंख्या 50400 में 31476 व्यक्ति साक्षर हैं। जिनमें 18593 पुरुष तथा 12883 स्त्रियां साक्षर हैं। इन बस्तियों में साक्षरता दर 72.18 प्रतिशत दर्ज की गई । जिस में पुरुष साक्षरता दर 78.90 तथा स्त्री साक्षरता दर 64.27 हैं ।

22. कर्मी

जनगणना में कर्मी उस व्यक्ति को कहा गया है जिसने सन्दर्भ अवधि में कोई भी ऐसा शारीरिक, मानसिक कार्यकलाप किया हो जो आर्थिक रूप से उत्पादक रहा हो । यह काम वेतन, मुआवजे या लाभ के लिए या इन के बिना भी हो सकता है ।

जनगणना 2001 के अनुसार जिला में कुल कर्मियों की संख्या 308392 है । जिसमें 226410 पुरूष तथा 81982 स्त्री कर्मी है । 1991 की जनगणना के अनुसार जिला में कुल 191462 कर्मी थे जिसमें 178980 पुरूष तथा 12482 स्त्री कर्मी थे।अतः कुल कार्य सहभागिता दर 1991 की 28.60 प्रतिशत से बढ़ कर 2001 में 37.36 प्रतिशत हो गई है । पुरूष कार्य सहभागिता दर 1991 की 50.25 प्रतिशत की तुलना में 2001 में 51.18 प्रतिशत तथा स्त्री कार्य सहभागिता दर 1991 की 3.99 प्रतिशत की तुलना में 2001 में बढ़ कर 21.39 प्रतिशत हो गई है ।

23. दीर्घकालिक कर्मी

दीर्घकालिक कर्मी वे हैं जिन्होंने वर्ष में 6माह या उससे अधिक कार्य किया हो । जनगणना 2001 के अनुसार जिला में दीर्घकालिक कर्मियों की संख्या 250596 हैं । जिसमें 205777 पुरूष तथा 44819 स्त्रियां है । कुल जनसंख्या में दीर्घकालिक कर्मियों की प्रतिशतता 1991 की 27.94 की तुलना में 2001 में बढ़कर 30.36 प्रतिशत हो गई । कुल पुरूष जनसंख्या में पुरूष दीर्घकालिक कर्मियों की सहभागिता दर 1991 में 50.15 प्रतिशत से घटकर 2001 में 46.52 प्रतिशत रह गई है जबकि स्त्रियों में यह दर 1991 की 2.69 की तुलना में बढ़कर 11.69 प्रतिशत हो गई है ।

24. अल्पकालिक कर्मी

अल्पकालिक कर्मी वे है जिन्होंने वर्ष में 6 माह से कम कार्य किया हो । जनगणना 2001 के अनुसार जिला में अल्पकालिक कर्मियों की संख्या 57796 है । जिसमें 20633 पुरूष तथा 37163 स्त्रियां है । अल्पकालिक कर्मियों की काम में हिस्सेदारी की दर में पुरूष तथा स्त्रियां दोनो में बढोतरी हुई है । यह प्रतिशतता वर्ष 1991 की 0.66 प्रतिशत से बढकर 2001 में 7.00 प्रतिशत हो गई है । कुल जनसंख्या में पुरूष अल्पकालिक कर्मियों की प्रतिशतता में वृद्धि हुई है जो 1991 में 0.10 प्रतिशत से बढकर 2001 में 4.66 प्रतिशत हो गई । इसी प्रकार अल्पकालिक स्त्री कर्मियों की कार्य सहभागिता दर 1991 की 1.30 प्रतिशत की तुलना में 2001 में 9.70 प्रतिशत दर्ज की गई है ।

तालिका:- जिला में कर्मियों एवं गैरकर्मियों की संख्या (2001 जनगणना)

	कुल व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियां
कुल कर्मी	308392	226410	81982
दीर्घकलिक कर्मी	250596	205777	44819
अल्पकालिक कर्मी	57796	20633	37163
गैर कर्मी	517062	215918	301144

25. गैर कर्मी

गैर कर्मी की श्रेणी में मुख्य रूप से गृह कार्य, विद्यार्थी, आश्रित, पेंशन भोगी, भिखारी व अन्य आते हैं।जनगणना 2001 में जिला की कुल जनसंख्या में गैरकर्मियों की संख्या 517062 है जिनमें 215918 पुरूष तथा 301144 स्त्रियां हैं। 2001 में गैरकर्मियों की प्रतिशतता में कमी आई है जो 1991 की 71.40 प्रतिशत से घटकर 62.63 प्रतिशत रह गई। यह प्रवृति समाज के लिए लाभप्रद है । पुरूष गैरकर्मियों की प्रतिशतता 1991 की 49.75 से कम हो कर 2001 में 48.81 हो गई है। स्त्री गैरकर्मियों की प्रतिशतता में भी गिरावट आई है जो 1991 की 96.01 प्रतिशत से कम हो कर 2001 में 78.60 रह गई है ।

26. ग्रामीण कर्मी

जनगणना 2001 के अनुसार कुल ग्रामीण कर्मी 243748 है जिसमें 171666 पुरूष तथा 72082 स्त्रियां हैं। 1991 की तुलना में जनगणना 2001 में ग्रामीण कार्य सहभागिता दर में वृद्धि दर्ज की गई है जो 29.00 से बढकर 39.96 प्रतिशत हो गई है। ग्रामीण पुरूषो व स्त्रियों की कार्य सहभागिता दर 1991 में क्रमशः 51.24 व 3.80 प्रतिशत से बढ़कर 52.70 व 25.36 प्रतिशत हो गई। जनगणना 2001 के अनुसार जिला की तीन तहसीलों शाहबाद, पेहोवा तथा थानेसर में कुल जनसंख्या में कर्मियों की प्रतिशतता क्रमशः 35.44, 40.80 तथा 41.08 हैं।

तालिकाः- जिला में ग्रामीण व नगरीय कर्मियों एवं गैरकर्मियों की संख्या

	कुल कर्मी			ग्रामीण कर्मी			नगरीय कर्मी		
	व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियां	व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियां
दीर्घकालिक कर्मी	250596	205777	44819	191629	154032	37597	58967	51745	7222
अल्पकालिक कर्मी	57796	20633	37163	52119	17634	34485	5677	2999	2678
कुल कर्मी	308392	226410	81982	243748	171666	72082	64644	54744	9900
गैर कर्मी	517062	215918	301144	366195	154060	212135	150867	61858	89009

27. दीर्घकालिक ग्रामीण कर्मी

जनगणना 2001 में कुल ग्रामीण कर्मियों में 191629 दीर्घकालिक कर्मी है जिसमें 154032 पुरूष तथा 37597 स्त्रियां हैं । दीर्घकालिक ग्रामीण कर्मियों की कार्य सहभागिता दर 1991 की 28.16 प्रतिशत से 2001 में 31.41 प्रतिशत हो गई है । ग्रामीण पुरूषो की दीर्घकालिक कार्य में भागीदारी दर में गिरावट दर्ज की गई जो 1991 की 51.12 प्रतिशत से कम हो कर 47.28 पर पंहुच गई है । स्त्रियों की ग्रामीण क्षेत्रों में दीर्घकालिक कार्य की भागीदारी दर 2.15 प्रतिशत से बढकर 13.22 प्रतिशत हो गई है । 2001 में तहसील शाहबाद, पेहोवा तथा थानेसर में दीर्घकालिक ग्रामीण कर्मी क्रमशः 26.88, 30.79 तथा 33.21 प्रतिशत हैं।

28. अल्पकालिक ग्रामीण कर्मी

जनगणना 2001 में ग्रामीण क्षेत्र में अल्पकालिक कर्मियों की संख्या 52119 है जिसमें 17634 पुरूष तथा 34485 स्त्रियां है। अल्पकालिक ग्रामीण कर्मियों की कार्य सहभागिता दर 1991 की 0.84 से बढकर 2001 में 8.54 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में अल्पकालिक कर्मियों में दोनो स्त्री व पुरूषो की कार्य सहभागिता दर में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। 2001 में ग्रामीण क्षेत्र में अल्पकालिक कार्य की भागीदारी दर में पुरूष कर्मियों ने 1991 के 0.12 प्रतिशत से 5.41 प्रतिशत बढोतरी दर्ज की जबकि स्त्रियों की भागीदारी दर 1.65 से बढ़कर 2001 में 12.13 प्रतिशत तक पहुचं गई। जनगणना 2001 के अनुसार तहसील स्तर पर अल्पकालिक कर्मियों की प्रतिशतता तहसील शाहबाद, पेहोवा तथा थानेसर में क्रमशः 8.56,10.02 व 7.88 है ।

29. ग्रामीण गैर-कर्मी

जनगणना 2001 में ग्रामीण क्षेत्र में गैर-कर्मियों की संख्या 366195 है जिसमें 154060 पुरूष तथा 212135 स्त्रियां है । 2001 में गैर-कर्मियों की प्रतिशतता में कमी आई है जो 1991 की 71.00 प्रतिशत से घटकर 60.03 प्रतिशत रह गई । पुरूष गैर-कर्मियों की प्रतिशतता 1991 की 48.76 से कम हो कर 2001 में 47.29 प्रतिशत तथा स्त्री गैर-कर्मियों की प्रतिशतता भी 1991 की 96.20 से कम हो कर 2001 में 74.63 प्रतिशत रह गई है । जनगणना 2001 के अनुसार तहसील शाहबाद, पेहोवा तथा थानेसर में कुल जनसंख्या का क्रमशः 64.55, 59.19 तथा 58.91 प्रतिशत गैर-कर्मियों का है ।

तालिका:-जिला में कुल कर्मियों की संख्या ' तहसील व नगर अनुसार'

तहसील/नगर	ग्रामीण कर्मी			नगरीय कर्मी		
	कुल व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियां	कुल व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियां
थानेसर	140574	96408	44166	35668	29777	5891
शाहबाद	40290	31366	8924	11563	9888	1675
पेहोवा	62884	43892	18992	10449	9036	1413
लाडवा	-	-	-	6964	6043	921
कुल	243748	171666	72082	64644	54744	9900

30. नगरीय कर्मी

जनगणना 2001 के अनुसार कुल नगरीय कर्मी 64644 हैं जिसमें 54744 पुरूष तथा 9900 स्त्रियां है । अतः जनगणना 2001 में नगरीय कार्य सहभागिता दर में 1991 की तुलना में महत्वपूर्ण बढो़तरी दर्ज की गई है जो 1991 के 27.29 प्रतिशत से बढ़कर 2001में 29.99 प्रतिशत हो गई है । पुरूष कार्य सहभागिता दर 46.96 प्रतिशत से घटकर 46.94 तथा स्त्री कार्य सहभागिता दर 4.62 प्रतिशत से बढकर 10.00 प्रतिशत हो गई है । 2001 में जिला के चार नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में कुल जनसंख्या में कर्मियों की प्रतिशतता क्रमशः 31.00, 31.13, 29.15 तथा 31.17 है ।

31. दीर्घकालिक नगरीय कर्मी

कुल नगरीय कर्मियों में 58967 दीर्घकालिक कर्मी है जिसमें 51745 पुरूष तथा 7222 स्त्रियां है । दीर्घकालिक नगरीय कर्मियों की कार्य सहभागिता दर 1991 की 27.24 प्रतिशत से बढकर 2001 में 27.36 प्रतिशत हो गई है जबकि पुरूष कार्य सहभागिता दर जो 1991 में 46.93 प्रतिशत थी कम हो कर 2001 में 44.37 प्रतिशत रह गई है परन्तु स्त्रियों की कार्य सहभागिता दर में सुधार हुआ है जो 1991 के 4.54 प्रतिशत से 2001 में 7.30 प्रतिशत दर्ज की गई है ।

2001 में चार नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में दीर्धकालिक कर्मियों की प्रतिशतता क्रमशः 28.81, 27.91, 26.49 व 28.82 प्रतिशत है ।

32. अल्पकालिक नगरीय कर्मी

2001 में जिला के चार नगरों में 5677 अल्पकालिक कर्मी दर्ज किए गए जिसमें 2999 पुरूष तथा 2678 स्त्रियां है। नगरीय अल्पकालिक कर्मियों की कार्य सहभागिता दर 1991 की 0.05 प्रतिशत से बढकर 2001 में 2.63 प्रतिशत हो गई । पुरूषो की कार्य सहभागिता दर जो 1991 में 0.03 प्रतिशत थी 2001 में बढकर 2.57 प्रतिशत हो गई है । स्त्रियों की कार्य सहभागिता दर भी जो 1991 में केवल 0.08 प्रतिशत थी 2001 में 2.70 प्रतिशत दर्ज की गई है। 2001 में चार नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में अल्पकालिक कर्मियों की प्रतिशतता क्रमशः 2.19, 3.21, 2.66 व 2.34 प्रतिशत है।

33. नगरीय गैर कर्मी

जनगणना 2001 में नगरीय गैर कर्मियों की संख्या 150867 है जिसमें 61858 पुरूष तथा 89009 स्त्रियां है। 2001 में नगरीय गैर कर्मियों की प्रतिशतता में कमी आई है जो 1991 की 72.71 प्रतिशत से कम हो कर 2001 में 70.00 प्रतिशत रह गई है। पुरूष गैर कर्मियों की प्रतिशतता 1991 की 53.04 प्रतिशत से कम हो कर 2001 में 53.05 प्रतिशत हो गई है । स्त्री गैरकर्मियों की प्रतिशतता में भी कमी आई है जो 1991 की 95.38 प्रतिशत से कम हो कर 2001 में 89.99 प्रतिशत हो गई है। 2001 में चार नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में गैरकर्मियों की प्रतिशतता क्रमशः 68.99, 68.86, 70.84 व 68.82 प्रतिशत है ।

34. कृषक

जनगणना 2001 में जिला के कुल कर्मियों का 23.70 प्रतिशत कृषक हैं । काश्तकारी में स्त्री तथा पुरूष कर्मियों की सहभागिता दर क्रमशः 11.48 तथा 28.12 प्रतिशत है । कुल ग्रामीण व शहरी कर्मियों का क्रमशः 29.17 तथा 3.06 प्रतिशत कृषक कर्मी है । ग्रामीण क्षेत्र में कृषक कार्य सहभागिता दर जिला की तीन तहसीलों शाहबाद, पेहोवा व थानेसर में क्रमशः 26.05, 34.41 तथा 27.72 प्रतिशत है । राज्य की कुल 67 तहसीलों में काश्तकार श्रेणी में निम्नतम कार्य सहभागिता दर की 10 तहसीलों में जिला कुरूक्षेत्र की 3 में से 2 तहसीलें थानेसर 59 वें क्रम तथा शाहबाद 62वें क्रम पर आती हैं ।नगरीय क्षेत्रों में

काश्तकारों की कार्य सहभागिता दर जिला के चार नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में क्रमशः 2.59, 4.87, 2.70 तथा 2.99 प्रतिशत दर्ज की गई है ।

तालिका:-जिला में कुल कर्मियों की संख्या 'चार मुख्य श्रेणी अनुसार'

	कुल कर्मी		ग्रामीण कर्मी		नगरीय कर्मी	
वर्गीकरण	पुरूष	स्त्रियां	पुरूष	स्त्रियां	पुरूष	स्त्रियां
कृषक	63669	9414	61930	9173	1739	241
खेतीहर मजदूर	46296	23815	44995	23257	1301	558
पारिवारिक उद्योग	3919	2488	2664	1908	1255	580
अन्य कर्मी	112526	46265	62077	37744	50449	8521
कुल कर्मी	226410	81982	171666	72082	54744	9900

35. खेतीहर मजदूर

जनगणना 2001 में जिला की कुल कर्मी जनसंख्या में 22.73 प्रतिशत खेतीहर मजदूर दर्ज किए गए जो राज्य के औसत 15.28 प्रतिशत से अधिक है । खेतीहर मजदूर में स्त्री तथा पुरूषो की कार्य सहभागिता दर क्रमशः 29.05 तथा 20.45 प्रतिशत है । ग्रामीण क्षेत्र में खेतीहर मजदूर की शाहबाद, पेहोवा व थानेसर तहसील में प्रतिशतता क्रमश:32.20, 27.48 तथा 27.03 है । खेतीहर मजदूरों की श्रेणी में राज्य की 67 तहसीलों में जिन 10 तहसीलों में सर्वश्रेष्ठ कार्य सहभागिता दर दर्ज की गई है उनमें जिला कुरूक्षेत्र की 3 में से 2 तहसीलें शाहबाद व पेहोवा क्रमशः चौथे व नवें कम पर आती हैं । नगरीय क्षेत्र में जिला के चार नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में यह प्रतिशतता क्रमशः 4.78, 2.40, 2.44 तथा 2.65 है।

तालिका:-जिला में ग्रामीण कर्मियों-गैरकर्मियों की संख्या 'चार मुख्य श्रेणी अनुसार'

	कर्मी					गैर-कर्मी
तहसील	कृषक	खेतीहर मजदूर	पारिवारिक उद्योग	अन्य कर्मी	कुल कर्मी	
थानेसर	38966	38001	2331	61276	140574	201582
शाहबाद	10497	12973	1152	15668	40290	73388
पेहोवा	21640	17278	1089	22877	62884	91225
कुल जोड	71103	68252	4572	99821	243748	366195

36. पारिवारिक उद्योग

जनगणना 2001 में जिला की कुल कर्मी जनसंख्या का 2.08 प्रतिशत पारिवारिक उद्योग की श्रेणी में आते हैं । स्त्री तथा पुरूषो की कार्य सहभागिता दर क्रमशः 3.03 तथा 1.73 प्रतिशत है । कुल ग्रामीण तथा शहरी कर्मियों का क्रमशः 1.88 तथा 2.84 प्रतिशत पारिवारिक उद्योग में है । पारिवारिक उद्योग में ग्रामीण जनसंख्या की कार्य सहभागिता

दर जिला की तीन तहसीलों शाहबाद, पेहोवा व थानेसर में क्रमशः 2.86, 1.73 व 1.66 प्रतिशत है । नगरीय क्षेत्र में पारिवारिक उद्योग में कार्य सहभागिता दर जिला के चार नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में क्रमशः 3.38, 2.43, 2.78 व 2.86 प्रतिशत है ।

तालिकाः-जिला में नगरीय कर्मियों-गैरकर्मियों की संख्या 'चार मुख्य श्रेणी अनुसार'

	कर्मी					गैर-कर्मी
नगर	कृषक	खेतीहर मजदूर	पारिवारिक उद्योग	अन्य कर्मी	कुल कर्मी	
थानेसर	964	870	991	32843	35668	86651
शाहबाद	299	553	391	10320	11563	25726
पेहोवा	509	251	254	9435	10449	23115
लाडवा	208	185	199	6372	6964	15375
कुल जोड	1980	1859	1835	58970	64644	150867

37. अन्य कर्मी

अन्य कर्मियों की श्रेणी के अन्तर्गत सभी कर्मचारी कारखाने में काम करने वाले पारिवारिक उद्योग को छोड कर, बागान कर्मचारी, जंगलात, व्यापार और वाणिज्य, व्यवसाय, परिवहन, बैकिंग, खनन, उत्खनन तथा निर्माण के कार्यो में कार्यरत व्यक्ति आते हैं ।

जनगणना 2001 में जिला कुरूक्षेत्र की कुल जनसंख्या का 51.49 प्रतिशत अन्य कर्मी की श्रेणी में आते हैं । इसमें स्त्री तथा पुरूषो की कार्य सहभागिता दर क्रमशः 56.43 तथा 49.70 प्रतिशत है । कुल ग्रामीण तथा नगरीय कर्मियों का क्रमशः 40.95 तथा 91.22 प्रतिशत अन्य कर्मी की श्रेणी में आते हैं । अन्य कर्मियों में ग्रामीण कार्य सहभागिता दर जिला की तीन तहसीलों शाहबाद, पेहोवा व थानेसर में क्रमशः 38.89, 36.38 तथा 43.58 प्रतिशत है । नगरीय क्षेत्र में अन्य कर्मियों की सहभागिता दर जिला के चार नगरों शाहबाद, पेहोवा, थानेसर व लाडवा में क्रमशः 89.25, 90.29, 92.08 व 91.50 प्रतिशत है ।

वन

38. वनों के अधीन क्षेत्रफल

वन विभाग के अनुसार जिले में वर्ष 2009-10 में लगभग 45 वर्ग कि0मी0 क्षेत्र वनों के अधीन था जो कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.94 प्रतिशत है। इस समय जिला में 18 वर्ग कि0मी0 आरक्षित राज्यवन क्षेत्र तथा 27 वर्ग कि0मी0 संरक्षित राज्य वन क्षेत्र में आता है।

कृषि

39. भूमि का प्रयोग

वर्ष 2008-09 में गांव पत्रों के अनुसार जिला कुरुक्षेत्र का कुल क्षेत्र 168 हजार हैक्टेयर है। जिसमें से वनों, चराहगाह, गैर कृषि प्रयोजनो इत्यादि में 10.12 प्रतिशत तथा 89. 88 प्रतिशत निवल बोये गये क्षेत्र के अधीन रहा।

40. वर्ष 2008-09 में कृषि योग्य भूमि 151 हजार है0 है, जबकि निवल बोया गया क्षेत्र 150 हजार है0 है जो कृषि योग्य भूमि का 99.34 प्रतिशत है। एक बार से अधिक बोया गया क्षेत्र 124 हजार है0 है जो निवल बोये गये क्षेत्र का 82.67 प्रतिशत है। वर्ष 2008-09 में जिला कुरुक्षेत्र में कुल बोया गया क्षेत्र 274 हजार है0 रहा।

41. तहसील थानेसर, शाहबाद व पेहोवा में निवल बोया गया क्षेत्र क्रमश: 78 हजार, 18 हजार तथा 54 हजार है0 है जो कुल निविल क्षेत्र का क्रमश: 52.00, 12.00 और 36.00 प्रतिशत है।

42. कृषि जोतें

कृषि गणना 2000-01 के अनुसार जिला कुरुक्षेत्र में कुल 59599 कृषि जोते कार्यरत थी। इन 59599 जोतों में से 63.75 प्रतिशत जोतें 2 है0 से कम की, 25.24 प्रतिशत 2 से 5 है0 से कम, 8.32 प्रतिशत 5 से 10 है0 से कम, 2.31 प्रतिशत 10 से 20 है0 से कम व 0.38 प्रतिशत 20 है0 तथा उससे उपर की थी।

43. जिला कुरुक्षेत्र की रबी की मुख्य फसले गेहूँ, जौ तथा खरीफ की मुख्य फसलें धान तथा मक्की हैं । वर्ष 2008-09 में कुल बोये गये क्षेत्र में से 121.5 हजार है0, '44.34' प्रतिशत धान के अधीन रहा तथा '42.00' प्रतिशत, 115.1 हजार हैक्टेयर गेहूँ के अधीन रहा जबकि वर्ष 2007-08 में कुल बोये गये क्षेत्र का 40.99 प्रतिशत गेहूँ एवं 41.79 प्रतिशत

धान के अधीन था। इसी प्रकार गन्ने का क्षेत्रफल वर्ष 2008-09 में 4.12 प्रतिशत, तेल बीज सूरजमुखी सहित 2.12 प्रतिशत था ।

44. मुख्य फसलों का उत्पादन

फसलों के अधिक उत्पादन में प्राकृतिक साधनों जैसे वर्षा, जलवायु तथा भूमि उपजाऊ शक्ति का मुख्य योगदान रहा है । जिले की मुख्य फसले गेहूँ तथा धान हैं।

45. वर्ष 2008-09 में गेहूँ का उत्पादन 504.0 हजार टन, चावल का उत्पादन 408.0 हजार टन था तथा गुड का उत्पादन 68.8 हजार टन था, तथा चावल की औसत उपज 3345 कि0ग्रा0, गेहूँ की 4382 कि0ग्रा0 एवं गुड की 6258 कि0ग्रा0 प्रति है0 रही।

तालिका:- मुख्य फसलों की औसत उपज किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर

फसल	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09
गेहूं	4572	4641	4462	4330	4025	4064	4582	4672	4772	4382
चावल	3172	3187	3310	3465	3107	3835	3752	4038	4001	3345
गुड	6516	6525	6566	6749	6818	7582	7603	6894	6962	6258

46. अधिक उपजाऊ किस्में

जिला कुरुक्षेत्र में गेहूँ तथा धान की अधिक उपजाऊ किस्मों के बीजो का प्रयोग हो रहा है। वर्ष 2008-09 में गेहूँ के अधीन 98.2 प्रतिशत क्षेत्र जबकि धान के अधीन 74.1 प्रतिशत क्षेत्र में अधिक उपजाऊ बीजों का प्रयोग हो रहा है।

47. वर्ष 2009-10 में जिला कुरुक्षेत्र में 510 हजार टन गेहूं तथा 783 हजार टन धान की सरकारी एर्जेन्सियों द्वारा खरीद की गई ।

48. रासायनिक खाद का वितरण

वर्ष 2009-10 में कुल खाद का उपयोग 101197 टन रहा। उपयोग में नाईट्रोजन 71952 टन तथा फासफोरस 24059 टन रहा जबकि पोटास का उपयोग केवल 5186 टन रहा।

49. पौधों की सुरक्षा के उपाय

वर्ष 2009-10 में 250.0 टन कीटनाशक दवाओं का उपयोग किया गया जो मुख्यत गेहूँ तथा धान की फसलों के अधीन क्षेत्र में किया गया । इसके अतिरिक्त 242.0 टन अन्य प्रकार की दवाईयां 131000 हैक्टेयर फसलों पर उपयोग की गई।

50 कृषि यन्त्र तथा उपकरण

पशु गणना 2003 के अनुसार जिले में उपयोग किए गए कृषि यन्त्र तथा उपकरणों में ट्रैक्टरों की संख्या 18906 थी । कम्बाईन हारवेस्टर की संख्या 2752 थी जिसमें से 445 कम्बाईन हारवेस्टर ट्रैक्टर चालित तथा शेष 2307 स्वयं चालित कम्बाईन हारवेस्टर थे। वर्ष 2009-10 में जिला कुरुक्षेत्र में 13805 ट्रैक्टर कृषि के कार्य में प्रयोगरत रहे ।

51. कृषि उपज बिक्री संग्रहण

वर्ष 2009-10 में कुरुक्षेत्र में कृषि उपज की पूर्ति के लिये 7 मार्किट कमेटियों तथा 13 सबयार्डस द्वारा बिक्री एवं खरीद करवाई गई। जिसमें मुख्य आमद जीरी, गेहूँ, सूरजमुखी तथा आलू की फसल रही। इन सभी मण्डियों में 1695100 टन कुल कृषि उत्पादन की आमद रही जबकि 2008-09 में कुल कृषि उत्पादन की आमद 1453600 टन थी।

52. वर्ष 2009-10 के दौरान इन सभी मण्डियों में गेहूँ की आमद 512200 टन, धान की आमद 1040700 टन, आलू की आमद 36500 टन रही । सरसों, तोरिया तथा तारामीरा की आमद 10400 टन तथा सूरजमुखी की 11900 टन रही ।

तालिकाः- जिला कुरुक्षेत्र में कृषि उत्पादन की आमद ('00' टन में)

	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2008-09	2009-10
गेहुं	4750	5120	4977	4664	4185	3961	3694	4648	5122
धान	7076	7000	6836	7462	7468	8061	7745	8466	10407
आलू	285	153	223	485	226	240	244	380	365
सूरजमुखी	53	26	35	78	185	171	157	218	119
सरसों-तोरिया तारामीरा	12	8	6	3	6	21	16	16	104
अन्य	539	517	540	530	369	613	667	808	834
कुल	12715	12824	12617	13222	12439	13067	12523	14536	16951

53. इन मण्डियों में किसानों के रात को ठहरने के लिये किसान विश्राम गृह है तथा इसके अतिरिक्त पीने के पानी, पशुशाला इत्यादि की सुविधायें भी प्रदान की जाती है।

54. जिला कुरुक्षेत्र में वर्ष 2009-10 में सरकारी गोदामो की क्षमता 606000 टन थी।

55. समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम

जिला ग्रामीण विकास एजैन्सी कुरुक्षेत्र के मार्च 1979 से अपनी स्थापना से ही ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी के अभिशाप को समाप्त करने के लिये भरसक प्रयास रही है और इस दिशा में इसे न केवल शतप्रतिशत भौतिक एवं आर्थिक लक्ष्य प्राप्त करने का श्रेय है । बल्कि

यह गरीब ग्रामीण परिवारों के आर्थिक स्तर में वास्तविक वृद्धि लाने में सफल रही है । अब इस दिशा में और कारगर रूप से सक्रीय है। एजैन्सी का यह दृढ संकल्प है कि वह जिला कुरुक्षेत्र के हर परिवार को इतनी आर्थिक सहायता प्रदान करवा दे कि वह सदा के लिये गरीबी की रेखा को पार कर लें ।

वर्ष 2009-10 में ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 1359 गरीब परिवारों को 414.09 लाख रुपये के ऋण और 137.14 लाख रुपये की अनुदान राशि वितरित की गई । इन लाभान्वित परिवारों में से 777 परिवार अनुसूचित जातियों से सम्बधित हैं । अतः कुल लाभान्वित परिवारों में से 57.17 प्रतिशत अनुसूचित जातियों से सम्बन्धित थे । इन लाभान्वित परिवारों मे 1135 महिलायें थी।

56. भूमि विकास कार्यक्रम

जिला कुरुक्षेत्र में वर्ष 2009-10 के दौरान 3832.5 मि0टन जिप्सम डालकर 1832 एकड़ भूमि का सुधार किया गया। जबकि शुन्य एकड़ भूमि समतल की गई तथा 2838 एकड़ भूमि में खुली/भूमिगत नाली के चैनल के माध्यम से 429 कृषकों द्वारा स्वयं तथा शुन्य एकड़ कृषकों ने लोन लेकर आधुनिक जल प्रबन्ध का प्रावधान किया गया।

सिंचाई

57. सिंचाई के साधन

वर्ष 2008-09 में निवल सिंचित क्षेत्र 150 हजार है0 था जो कि बोये गये निवल क्षेत्र का 100 प्रतिशत था। स्त्रोतानुसार सिंचाई के क्षेत्र में 82 प्रतिशत नलकूपों व अन्य साधनों से तथा 18 प्रतिशत नहरों का योगदान रहा। नलकूपों द्वारा कुल 123 हजार है0 तथा नहरों द्वारा 27 हजार है0 भूमि की सिंचाई की गई।

58. वर्ष 2008-09 में कुल सिंचित क्षेत्र कुल बोए गए क्षेत्र का शतप्रतिशत था तथा निवल सिंचित क्षेत्र निवल बोये गये क्षेत्र का भी 100 प्रतिशत रहा।

59. फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र

वर्ष 2008-09 में फसल अनुसार कुल बोया गया क्षेत्र 274 हजार है0 था जो शतप्रतिशत सिंचित था । फसल अनुसार सिंचित क्षेत्र की स्थिति इस प्रकार रही, गेहूँ के अधीन 41.97 प्रतिशत धान के अधीन 44.53 प्रतिशत, गन्ने के अधीन 4.01 प्रतिशत, तेल बीजो एवं अन्य खाद्य अखाद्य फसलों के अधीन 9.49 प्रतिशत रहा।

तालिका:- जिला कुरुक्षेत्र में सिंचित क्षेत्र की स्थिति (000 है0)

	1999-00	2000-01	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09
गेहूं	106.3	108.9	110	109	112	114	109	110	112	115
धान	111.6	111.8	111	107	112	122	111	109	114	122
गन्ना	17.3	16.0	18	18	15	12	13	15	16	11
मक्की	0.2	-	1	-	-	-	-	-	-	-
तेलबीजं-अन्य फसलें	35.6	25.3	28	29	31	29	38	32	32	26
कुल	271.0	262.0	268	263	270	277	271	266	274	274

60. सिंचाई की सघनता

